आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 02.10.2026 समय : 0705

<><><><><><><><>

1. राष्ट्र आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157वीं और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 122वीं जयंती मना रहा है।
2. गांधी जयंती के अवसर पर द्वीपों में मुख्य समारोह सुबह आठ बजकर चौदह मिनट पर गांधी पार्क में आयोजित किया जा रहा है।
3. महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में आज से 8 अक्टूबर तक 72वां वन्यजीव सप्ताह मनाया जा रहा है।
4. डीसी एसपी कप बैडमिंटन टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला आज शाम 4 बजे से खेला जाएगा।

<><><><><><><><>

गांधी जयंती के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी 157वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी का जीवन और उनके आदर्श दुनियाभर में सम्मानित हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत 2047 तक विकसित भारत के राष्ट्रीय लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि विकास का लाभ किसीभी नागरिक से न छूटे, इसके लिए संवेदना और समावेशिता के मूल्यों को प्राथमिकता दी जा रही है।

राष्ट्र आज पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 122वीं जयंती पर भी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है।

<><><><><><><><>

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 157वीं जयंती के अवसर पर उप–राज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने द्वीपवासियों को अपनी शुभकामनाएं दी है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सत्य, अहिंसा, शांति और निस्वार्थ सेवा के अपने आदर्शों के माध्यम से हमें निरंतर प्रेरित करते रहते हैं।

उनका 'अहिंसा' का दर्शन न केवल भारत के स्वतंत्रता संग्राम का मार्गदर्शक बना, बल्कि यह शांति, सद्भाव और मानवीय गरिमा का एक सार्वभौमिक संदेश भी बना हुआ है।

इस अवसर पर सांसद बिष्णु पद रे ने भी द्वीपवासियों को संदेश दते हुए कहा कि हमें सत्य, स्वच्छता, करुणा और सेवा को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाते हुए एक स्वच्छ, शांतिपूर्ण, एकजुट तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए।

<><><><><><><>

पूरे देश के साथ द्वीपसमूह में भी आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157वीं जयंती मनाई जा रही है। मुख्य समारोह सुबह आठ बजकर चौदह मिनट पर गांधी पार्क में आयोजित किया जाएगा, जहाँ उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद शिक्षा विभाग द्वारा प्रार्थना और रामधुन का गायन किया जाएगा। इस अवसर पर दो मिनट का मौन भी रखा जाएगा। सभी सरकारी विभागों, संस्थानों, स्वायत्त निकायों, निगमों, पंचायत प्रधानों, स्वयंसेवी संगठनों और ग्रामीणों से स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत इस महीने श्रमदान करने और स्वच्छता के लिए विशेष अभियान चलाने और आम जनता से पशु वध, पक्षियों के शिकार, मछली पकड़ने और शराब का सेवन करने से परहेज करने का अनुरोध किया गया है। प्रशासन ने आज 'ड्राई डे' घोषित किया है।

<><><><><><><>

गांधी जयंती के अवसर पर आज देश भर में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। ग्रामीण विकास मंत्रालय के अनुसार, इन विशेष ग्राम सभाओं के साथ ही जन–योजना अभियान 2026–27–सबकी योजना, सबका विकास की भी शुरुआत होगी। इस अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायतें वित्तीय वर्ष 2027–28 के लिए जनभागीदारी और तथ्यों के आधार पर अपनी विकास योजनाएं तैयार करेंगी।

<><><><><><><>

उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने लोक निवास में उद्योग एवं शहरी विकास विभाग के कामकाज की समीक्षा करते हुए संबंधित विभाग को औद्योगिक क्षेत्र में बुनियादी ढांचे और निर्माण से संबंधित कार्ययोजना प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। इस बैठक में मुख्य सचिव, अंडमान लोक निर्माण विभाग के आयुक्त–सह–सचिव, शहरी विकास आयुक्त–सह–सचिव, एपीडब्ल्यूडी सचिव और उद्योग सचिव उपस्थित थे।

इसके अलावा चिन्मय मिशन के आचार्य स्वामी शुद्धानंद सरस्वती ने अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ लोक निवास में उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा से शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान उन्होंने उपराज्यपाल को मिशन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।

<><><><><><><>

महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर आज से 8 अक्टूबर तक 72वां वन्यजीव सप्ताह मनाया जा रहा है। इस वर्ष का विषय है आवासों को जोड़ना, समृद्ध वन्यजीव। उप–राज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने अपने संदेश में कहा कि पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने और हमारी समृद्ध जैव विविधता को सुरक्षित रखने के लिए हमारे वनों, मैंग्रोव, आर्द्रभूमियों, प्रवाल भित्तियों और तटीय पारिस्थितिकी तंत्र की रक्षा करना अत्यंत आवश्यक है। अण्डमान निकोबार प्रशासन इन संवेदनशील पारिस्थितिकी तंत्रों के संरक्षण और सतत प्रबंधन के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी से प्रकृति के रक्षक बनने, वन्यजीवों का सम्मान व संरक्षण करने और भावी पीढ़ियों के लिए उनके आवासों को बचाने में अपना योगदान देने का आहवान किया है।

<><><><><><><>

गांधी जयंती के अवसर पर मनाए जा रहे 'स्वच्छ भारत दिवस' के तहत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग "स्वच्छता में सहभाग; स्वच्छ भारत, विकसित भारत" विषय पर एक रील मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। प्रतिभागियों को स्वच्छता और पर्यावरण स्थिरता से जुड़े व्यावहारिक व नवोन्मेषी विचारों के साथ अधिकतम 90 सेकंड की एक ओरिजिनल रील बनानी होगी। यह प्रतियोगिता दो श्रेणियों में आयोजित की जा रही है। प्रतिभागी अपनी रील को यूट्यूब, फेसबुक, इंस्टाग्राम या लिंक्डइन पर

अपलोड कर गूगल फॉर्म लिंक तथा क्यूआर कोड के माध्यम से अपना विवरण 9 अक्तूबर तक जमा कर सकते हैं। प्रतिभागियों को रील के अंत में या क्रेडिट में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग तथा अण्डमान निकोबार प्रदूषण नियंत्रण समिति का उल्लेख करना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए विभाग के मेल पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

दक्षिण अण्डमान जिला प्रशासन खेल एवं युवा मामले निदेशालय के सहयोग से आयोजित डीसी एसपी कप बैडमिंटन टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला आज खेला जाएगा। इस अवसर पर दक्षिण अण्डमान जिला उपायुक्त पूर्वा गर्ग, मुख्य अतिथि, जबकि पुलिस अधीक्षक श्वेता के. सुगाथन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। मैच नेताजी स्टेडियम के बहुउद्देशीय हॉल में शाम 4 बजे आरंभ होगा।

<><><><><><><>

जी.बी. पंत अस्पताल के अपने हालिया दौरे के दौरान उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने प्रतीक्षालय में बुनियादी सुविधाओं में सुधार की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द पर्याप्त एयर कूलर लगाने के आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए। उपराज्यपाल के निर्देशों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए, निर्धारित प्रतीक्षालय में एयर कूलर लगा दिए गए हैं।

<><><><><><><>

अण्डमान निकोबार राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड के निदेशक मंडल और प्रबंध निदेशक ने मुख्य सचिव ज्ञानेश भारती से मुलाकात कर बैंक की वित्तीय स्थिति और समग्र प्रदर्शन की जानकारी दी। बैठक के दौरान बैंक की विभिन्न विकासात्मक योजनाओं और पहलों पर चर्चा की गई। निदेशक मंडल ने द्वीप समूह में सहकारी बैंकिंग सेवाओं को मजबूत करने तथा सहकारी क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देने के लिए बैंक द्वारा किए जा रहे प्रयासों को भी रेखांकित किया।

<><><><><><><>